दिनाँक 30 अप्रैल, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ0 हनीफ कुरैशी (आई.पी.एस. पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद) थे. मुख्य अतिथि महोदय ने सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए प्रेरित किया कि– परिश्रम और दृढ़ निश्चय से व्यक्ति निरंतर सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ता जाता है. उन्होंने यह भी कहा अगर अपने सुन्दर कल की कल्पना करनी है तो शिक्षा को हर क्षेत्र में बेहतर करना होगा. जितना शिक्षित समाज होगा उतना ही समाज अपराध मुक्त होगा. भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है तो अपनी युवा पीढी की ऊर्जा को सही दिशा में लगाना होगा तभी हम विश्व में ऊँचा मुकाम हासिल कर पायेंगे. उन्होंने शोधार्थियों और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा जेसे गूगल सर्च है वैसे ही गूगल स्कोलर है. जिसके माध्यम से पता लगता है कि किसी भी क्षेत्र में कितना शोध कार्य हो चुका है और कितना शेष है, ताकि नया शोध कर समाज को मौलिक और नवीन ज्ञान देकर नई दिशा दे सके. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय की धर्मपत्नी डॉ0 शमीम कुरैशी, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा की सलाहाकार समिति के अध्यक्ष लाला रतन सिंह गुप्ता, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के वरिष्ठ सदस्यों, अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता व प्रवक्तागण उपस्थित थे. मुख्य अतिथि महोदय का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया.

प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत 5 वर्षों में महाविद्यालय की शिक्षा, खेल, शोध एवं अन्य शिक्षणेत्तर गतिविधियों के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियों को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने एक सघन चयन प्रक्रिया के पश्चात अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ को "कॉलेज विद पोटंशियल फॉर एक्सिलेंस" (सी.पी.ई.) का दर्जा प्रदान किया है. उन्होंने कहा यदि इंसान की नीति और नीयत

स्पष्ट और निष्पक्ष हो तो मानव की प्रगति के मार्ग स्वतः खुलते चले जाते हैं.

महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. गीत, ग़ज़ल, नृत्य का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने माहौल रसमय बना दिया, अग्रवाल सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, बल्लबगढ़ की छात्राओं ने प्रधानमंत्री के स्वर्णिम सपनों को लेकर "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" नृत्य नाटिका "नन्ही कली" के मध्यम से जनमानस को सारगर्भित संदेश दिया तथा अग्रवाल पब्लिक स्कूल, बल्लगढ़ की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया.

साथ ही इस अवसर पर शिक्षा, क्रीड़ा, सांस्कृतिक व रचनात्मक क्षेत्र में उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 250 छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया, कला सकांय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु0 वन्दना गौड़ (बी.ए. अंतिम वर्ष) को "माता किशन देई स्वर्णपदक" से, विज्ञान सकांय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु0 जैनब खातून को "कन्साईंस ऑफ साईंस स्वर्णपदक व वाणिज्य के क्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रीति गर्ग को अग्रवाल महाविद्यालय "एल्यूमनाई स्वर्ण पदक" प्रदान किए गये. इस अवसर पर पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लोकेश बी.कॉम. तृतीय वर्ष तथा महिला वर्ग में कु0 सविता तृतीय वर्ष को पुरुस्कृत किया गया. स्वयंसेवक प्रियंका शर्मा को सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस. स्वयंसेविका तथा कैडेट रोहित को सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. कैडेट चुना गया. क्रीड़ा क्षेत्र में अन्तराष्ट्रीय स्तर पर वैभव सिंह ने इन्डो फूटान सॉफ्ट बॉल चैम्पियनशिप में स्वर्णपदक और विश्व चैम्पियनशिप के लिए चुने गये छात्र को पुरुस्कृत किया गया. हरकेश को तीरंदाज़ी चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त करने पर पर पुरस्कृत किया गया.

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पी.जी. पुरुष वर्ग में लवकेश (एम.एस.सी. अंतिम वर्ष), सर्वश्रेष्ठ पी.जी. महिला वर्ग में पूजा जोशी (एम.कॉम अंतिम वर्ष), सर्वश्रेष्ठ यू.जी. पुरुष वर्ग में कुनाल (बी.कॉम

अंतिम वर्ष) तथा महिला वर्ग में प्रियंका शर्मा (बी.कॉम. अंतिम वर्ष) के खिताब से नवाजा गया. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता हर्ष मलिक (बी.कॉम. अंतिम वर्ष) व सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री योगिता (बी.कॉम. अंतिम वर्ष) को पुरुस्कृत किया गया. इसके साथ ही कोमल रावत बी.ए. तृतीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ वाई.आर.सी.सी., मधु चौधरी को सर्वश्रेष्ठ नर्तकी, सर्वश्रेष्ठ कलाकार कीर्ति (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) को नवाज़ा गया. आगन्तुक अतिथियों का अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेद्र गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने स्मृति चिह्न एवं शॉल देकर सम्मानित किया.

वरिष्ठ प्रवक्ता श्री अशोक कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया. कार्यक्रम में विशेष रुप से अग्रवाल प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष डॉ0 वासुदेव गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री मेहर चन्द्र मित्तल, श्री आर. एस. गोयल, श्री मुकुट लाल गुप्ता जी एवं अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के गणमान्य सदस्य एवं प्रवक्तागण उपस्थित थे.